नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

मो. : 7897475917, 9794299451

स्थापित २००५ ई.

Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक : ..................

दिनांक : 26.01.2019

# प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी0जी0 कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में **सत्तरवें गणतन्त्र दिवस समारोह** परे ध्वजारोहण प्राचार्य **डॉ. प्रदीप कुमार राव** ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के पश्चात भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर व्याख्यान देते हुए प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि दुनिया को गणतन्त्रात्मक शासन व्यवस्था हमने सिखायी। आज से लगभग ढाई हजार वर्ष पूर्व महात्मा बुद्ध के समय में ही इस क्षेत्र में गणतन्त्रात्मक शासन व्यवस्था जन्म ले चुकी थी। लोकतंत्र भारतीय संस्कृति के रग–रग में है। हम भारतीयों के स्वभाव में है। वर्तमान युग हमारे अपने स्वत्त्व पहचानने का युग है। समय की मॉग है कि हम जाने कि हम कौन थे? कौन हैं? संस्कृतियों के आपसी द्वन्द के युग में हमें भारत को उबारना होगा, जगतगुरू बनने की दिशा में बढना होगा। गणतंत्र दिवस आगे बढने एवं ठहरकर विचार करने का भी समय है। युग प्रवाह में सभी बहते हैं युग प्रवाह रोककर अपनी धारा बहाने हेतु युवा तैयार हों। प्राचार्य डॉ. राव ने कहा कि 15 अगस्त 2018 में जो संकल्प तथा लक्ष्य तय किये गये थे आज 26 जनवरी 2019 तक हमने कितना प्राप्त किया है। हमें आत्मावलोकन की आवश्यकता है। महाविद्यालय के सत्र 2018–19 की समीक्षा करते हुए उसे और सुदृढ़ तथा बेहतर बनाने की अपील की। कार्यक्रम की शुरूवात बी.एस–सी. तृतीय वर्ष की छात्रा सुश्री आरती गौड़ द्वारा प्रस्तुत गणेश वन्दना से हुयी तत्पश्चात छात्रों ने विभिन्न नृत्य, गायन, नाटक, भाषण एवं कविता प्रस्तुत की। जिसमें मुख्य रूप से छात्रसंघ अध्यक्ष श्री मयंक तिवारी, छात्रसंघ उपाध्याय श्री विशाल कुमार, बी.ए. तृतीय वर्ष के श्री राहुल गिरी, महामन्त्री श्री दिव्यांशु रंजन, श्री अंकित कुमार पाण्डेय, छात्रसंघ प्रभारी श्री नन्दन शर्मा तथा कार्यालय प्रभारी श्री शम्भूप्रताप सिंह द्वारा दिया गया भाषण अत्यंत उत्साहवर्धक था। भाषण में गणतंत्र दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों तथा संविधान निर्माताओं को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम में बी.ए.प्रथम वर्ष के श्री सर्वेश्वर कान्त चन्द्रा, बी. एस–सी. प्रथम वर्ष के श्री अक्षय कुमार, बी.ए. प्रथम वर्ष के श्री बलराम, एम.काम. प्रथम वर्ष के श्री प्रवीण, एम. ए. प्रथम वर्ष की सुश्री अनीता निषाद ने एकल गीत प्रस्तुत किया तथा बी.एड. प्रथम वर्ष के सुश्री हिमानी, बी.काम. तृतीय वर्ष की सुश्री शालनी मिश्रा, बी. ए. तृतीय वर्ष के श्री दुर्गेश ने काव्य पाठ किया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य तथा बी. एड्. छात्रो द्वारा प्रस्तुत नाटक खूब सराहा गया। कार्यक्रम का समापन वन्देमातरम् के साथ समपन्न हुआ। कार्यक्रम में सुश्री दीप्ति गुप्ता, श्रीमती डॉ. प्रज्ञेश मिश्र, डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, डॉ. यशवन्त राव, डॉ. राजेश शुक्ल सहित शिक्षक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

एक अन्य कार्यक्रम के अन्तर्गत शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें श्री विपिन कुमार यादव अध्यक्ष, श्री अभय कुमार उपाध्यक्ष एवं श्री इन्द्रजीत दूबे महामंत्री पद पर निर्विरोध चुने गये।

(डॉ0 राजेश शुक्ल)
सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी